फेनेस्टा ने श्रीगंगानगर, राजस्थान में किया अपनी रीटेल मौजूदगी का विस्तार

श्रीगंगानगर। भारत के सबसे बड़े विंडो एवं डोर ब्राण्ड तथा इस सेगमेन्ट में मार्केट लीडर फेनेस्टा इण्डिया ने एक और शोरूम की ओपनिंग के साथ अपनी रीटेल मौजूदगी के विस्तार की घोषणा की है। यह एक्सक्लुज़िव शोरूम 100, लक्कड़ मंडी रोड़, श्री गंगानगरमें स्थित है और उपभोक्ताओं को सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता के यूपीवीसी विंडो और खिड़कियां उपलब्ध कराएगा।

इस लॉन्च के मौके पर फेनेस्टा बिल्डिंग सिस्टम्स के बिजनेस हैड साकेत जैन ने कहा, "उपभोक्ताओं तथा उत्कृष्ट प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के लिए प्रतिबद्धता के चलते पिछले सालों के दौरान हम तेज़ी से विकसित हुए हैं और यह नया शोरूम देश भर में तेज़ी से विकसित होते हमारे उपभोक्ता आधार की पुष्टि करता है।" इस लॉन्च के साथ फेनेस्टा ने अपने मौजूदा एवं भावी उपभोक्ताओं को इन्टरैक्टिव एवं जानकारीपूर्ण अनुभव प्रदान करने की दिशा में एक और उपलब्धि हासिल कर ली है। फेनेस्टा के शोरूम उपभोक्ताओं की पहुंच बढ़ाने तथा इसे मार्केट लीडर के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। भारत के यूपीवीसी विंडो एवं डोर उद्योग में तेज़ी से विकसित होते हुए ब्राण्ड अपने मार्केट शेयर को बढ़ाने तथा भविष्य में अपनी अग्रणी स्थिति को बरकरार रखने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने अपनी बात को जारी रखते हुए कहा, "अब तक की हमारी यात्रा शानदार रही है और आने वाले सालों में हम भी लगातार विकास के लिए तैयार हैं। हमारी उग्र विपणन रणनीति, उत्पादों की व्यापक रेंज तथा दूसरे एवं तीसरे स्तर के शहरों में तेज़ी से रीटेल विस्तार के चलते हम अपने लक्ष्यों को हासिल कर सकेंगे। हमने अपनी विस्तार रणनीति इस तरह से तैयार की है कि यह उपभोक्त ाओं को उत्पादों के बारे में उचित जानकारी और अनुभव प्रदान कर सके। इस मौके पर हम अपने सभी साझेदारों और उपभोक्त ाओं के प्रति आभार व्यक्त करना चाहते हैं जिन्होंने हमारे कारोबार को कामयाबी की इस ऊँचाई तक पहुंचाने में अपना योगदान दिया है।" श्रीगंगानगर में फेनेस्टा का यह नया शोरूम विभिन्न डिज़ाइनों और रंगों में दरवाजों एवं खिड़कियों की व्यापक रेंज प्रस्तुत करेगा।

Fenesta Windows
Transforming Homes

इस लॉन्च के साथ फेनेस्टा अब देश के 230 से अधिक स्थानों में मौजूद है। फेनेस्टा भारत की एकमात्र कम्पनी है जो यूपीवीसी के निर्माण के से लेकर उत्पाद के इन्सटॉलेशन एवं आफ्टर सेल्स सेवाओं तक पूरी आपूर्ति श्रृंखला का प्रबन्धन करती है।